प्रभात प्रकाशन का 73वां साल
स्थापित 1944

लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक

प्रभात

सीधी बात-सच्ची बात

सुविचार
खुद की तरक्की में इतना वक्त लगा दो कि किसी दूसरे की बुराई का वक्त ही न मिले।

प्रो.भरत राज सिंह की पुस्तक तकनीकी पाठ्यक्रम में शामिल

लखनऊ। प्रभात

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने एक पुस्तक पर्यावरण के मुद्दे को प्रकाशित की है, जिसमें स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) के दो अध्याय लिखने व शामिल होने का मौका मिला। यह पुस्तक तकनीकी शिक्षा के पाठ्यक्रम क्रम में लागू की जायेगी। पर्यावरण पर आधारित इस पुस्तक में स्कूल ऑफमैनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक डा.भरत राज सिंह ने अपने वैज्ञानिक विचार तथ्यों के साथ लिखा है। शनिवार को डा.भरत राज सिंह ने इस पुस्तक को मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह को भेंट किया। डा.भरत राज सिंह का कहना है कि वातावरण में प्रदूषण के बढ़ने व वैश्विक तापमान में वृद्धि से मुख्यतः पर्यावरण में असन्तुलन व जलवायु परिवर्तन पैदा हो रहा है। इसके कारण सम्पूर्ण विश्व में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अतः जनमानस को पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जाना अति आवश्यक है।